# सामाजिक न्याय
## सारांश वचन पत्र 2023



## पिछड़ों का सम्मान

- पिछड़ा वर्ग के मानवधिकार और उनके संरक्षण के लिये कांग्रेस प्रतिबद्ध है।
- पिछड़ा वर्ग के समग्र विकास के लिए समान अवसर आयोग बनायेंगे।
- जातिगत जनगणना करायेंगे।
- शासकीय विभागों एवं अनुदान प्राप्त संस्थानों में नियमित भर्तियों के साथ-साथ संविदा व अन्य भर्तियों में भी आरक्षण नियमों का पालन सुनिश्चित करेंगे।
- पिछड़ों को 27 प्रतिशत आरक्षण के अधिकार का वचन पूरा करेंगे।
- अति पिछड़ों एवं पिछड़ों के साथ न्याय करेंगे।
- क्रीमीलेयर की आय सीमा बढ़ायेंगे।
- जाति प्रमाण-पत्र पर 1984 की बाध्यता को समाप्त करेंगे।

समरस मध्यप्रदेश
खुशहाल मध्यप्रदेश




## पिछड़ा वर्ग का सशक्तिकरण

- बैकलॉग भर्ती अभियान प्रारंभ करेंगे।
- सरकारी क्षेत्र की नौकरियों में प्रवेश सुनिश्चित करने के लिये 100 बिंदु का रोस्टर तैयार करायेंगे।
- पिछड़े वर्ग के उद्यमियों को 1 करोड़ तक का रियायती ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध करायेंगे।
- निःशुल्क स्कूली शिक्षा एवं सुविधायुक्त छात्रावास सुनिश्चित करेंगे।

## अनुसूचित जाति का सम्मान

- अनुसूचित जाति वर्ग के मानवधिकार और उनके संरक्षण के लिये कांग्रेस प्रतिबद्ध है।
- अनुसूचित जाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम एवं नियमों के क्रियान्वन की सतत् समीक्षा करेंगे एवं राहत सहायता की राशि में वृद्धि करेंगे।
- अनुसूचित जाति के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नियुक्तियां एवं पदोन्नतियो के अवसर उपलब्ध कराने के लिए ठोस व्यवस्था करेंगे।
- शासकीय विभागों एवं अनुदान प्राप्त संस्थानों में नियमित भर्तियों के साथ-साथ संविदा व अन्य भर्तियों में भी आरक्षण नियमों का पालन सुनिश्चित करेंगे।
- जाति प्रमाण-पत्र पर 1950 की बाध्यता समाप्त करेंगे।
- चयन समितियों में अनुसूचित जाति वर्ग सदस्य अनिवार्य रूप से रखें जायेंगे।
- बाबा साहेब अम्बेडकर की विशाल मानवता की मूर्ति स्थापित करेंगे एवं जन्मभूमि स्थल को राष्ट्रीय स्मारक घोषित करायेंगे।
- भगवान बुद्ध जयंती पर बुद्ध महोत्सव आयोजित करेंगे।



## आदिवासियों का सम्मान

- आदिवासी वर्ग के मानवधिकार और उनके संरक्षण के लिये कांग्रेस प्रतिबद्ध है।
- 50 प्रतिशत से अधिक आदिवासी आबादी वाले जिलों एवं विकास खंडों को संविधान की 6वीं अनुसूची में शामिल कराने का प्रस्ताव भेजेंगे।
- पेसा (PESA) एक्ट मूल भावना अनुरुप अक्षरशः लागू करेंगे।
- वन अधिकार अधिनियम के तहत पुनः जाँच कराकर अधिकार-पत्र देंगे।
- तेन्दूपत्ता संग्रहण की मजदूरी 4 हजार रुपये प्रति बोरा करेंगे। लाभांश की 20% राशि पेसा (PESA) ग्राम सभाओं को विकास पर खर्च करने का अधिकार देंगे।
- देवभोग राशन किट देंगे।
- विश्व आदिवासी दिवस का अवकाश बहाल कर उत्सव के रूप में मनायेंगे।
- सामाजिक कार्यक्रमों हेतु बर्तन बैंक बनायेंगे एवं निशुल्क अनाज देंगे।
- भगोरिया उत्सव को राजकीय भगोरिया उत्सव के रूप में मान्यता देंगे।
- देव स्थलों को संरक्षित करने के लिए आष्ठान योजना प्रारंभ करेंगे एवं आदिवासी महामानवों की विशाल मूर्तियाँ स्थापित करेंगे।

## अनुसूचित जाति एवं जनजाति सशक्तिकरण

- अनुसूचित जाति एवं जनजाति के रिक्त पद भरने के लिए बैकलॉग भर्ती अभियान प्रारंभ करेंगे।
- निःशुल्क गुणवत्ता स्कूली शिक्षा प्रदान कराने के लिए कांग्रेस वचनबद्ध है।
- अजा एवं अजजा उपयोजना को अधिनियम का रूप देंगे एवं जनसंख्या के मान से बजट प्रावधान करेंगे।
- सरकारी खरीदी एवं 1 करोड़ की लागत तक के ठेके में अजा एवं अजजा को 25 प्रतिशत आरक्षण देंगे।
- छात्रवृत्ति के भुगतान का अधिकार का अधिनियम बनायेंगे।
- सुविधायुक्त छात्रावास सुनिश्चित करेंगे एवं खेल परिसर बनायेंगे।
- रानी दुर्गावती स्व-रोजगार योजना पुनः प्रारंभ करेंगे। रियायती ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कोरायेंगे।
- अजा एवं अजजा वर्ग के श्रमिकों को 150 दिवस तक का रोजगार उपलब्ध करायेंगे।

## सफाई कामगारों को सम्मान

- सफाई कामगारों की ठेकेदारी प्रथा पर न्याय करेंगे, पद बढ़ायेंगे, भर्ती करेंगे और वारिसों को भर्ती के लिए विशेष नियुक्ति का प्रावधान करेंगे।
- सफाई कामगारों की मांग अनुसार पद का नया पदनाम देंगे और आधुनिक उपकरण देंगे।
- ग्राम पंचायत स्तर पर सफाईकर्मियों के 75 हजार से अधिक पद भरेंगे।

बढ़ाइये हाथ फिर कमलनाथ

